**खुलासा** | एनकेजे थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के आरोप में पति-पत्नी और भाई गिरफ्तार

# मिलने के लिए बुलाया और कर दी हत्या

**नवभारत,कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत एक युवक की हत्या के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत ने बताया कि 17 अप्रैल 2026 को डायल-112 पर सूचना मिली कि प्रेमनगर स्थित काली मंदिर के पास एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बड़वारा थाना क्षेत्र के पहरिया गांव निवासी प्रदीप साहू (23) के रूप में हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे



सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दिया की गंभीर रूप से घायल प्रदीप साहू घटना स्थल के बगल मे स्थित शीला यादव के मकान से घायल हालत मे निकलता दिखा, वह कुछ दूर आगे जाकर गिर गया। जिसके बाद पुलिस ने शीला यादव और उसके पति सुनील से पूछताछ की। जिसमें जानकारी मिली कि मोहल्ले की रहने वाली शिवानी जायसवाल, उसका पति विपिन दुबे और भाई मनीष जायसवाल दोस्त बताकर प्रदीप को उसके घर लाए थे। कुछ देर बाद उन लोगों ने डंडा और चाकू से हमला कर दिया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि शिवानी ने प्रदीप को फोन कर शारीरिक संबंध का झांसा देकर बुलाया था। इसके बाद कमरे में ले जाकर तीनों ने मिलकर उससे पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर चाकू और डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी रुपेन्द्र राजपूत, रंगनाथ थाना प्रभारी अरूण पाल सिंह, एसआई नरेश झारिया, एएसआई सहपाल परतेती, केवल उइके, मनोज कोडापे, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैन, राजेश सिंह, राजेश चौधरी, आरक्षक जयंत कोरी, जजकुमार, प्रधान आरक्ष राजेन्द्र सोनी, मुरलीधर सेन, कुलदीप सिंह, पुष्पलता मिश्रा, सुजीत रजक, आर राजेन्द्र पटेल, आर राजेश काछी, आर अर्पित पटेल, मसै सरोज पिल्ले, एनआरएस आनंद तिवारी, सोनू कहार, धुरेन्द्र यादव और साइबर सेल से अमित श्रीपाल और शुभम गुप्ता की भूमिका रही।



## 12वीं की परीक्षा में उमंग चौरसिया ने हासिल किए 78 .6 प्रतिशत अंक

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान के सांदीपनि विद्यालय के छात्र उमंग चौरसिया ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। उमंग, सुनील चौरसिया और श्रीमती ऊषा चौरसिया के पुत्र हैं। उमंग की इस सफलता पर स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है । स्कूल के प्राचार्य मुकेश पटेल ने उमंग को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उमंग की उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। परिजनों और शुभचिंतकों ने भी उमंग को बधाई दी है।




# भीषण गर्मी में पेयजल का संकट, ग्रामीण परेशान

**जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन**

**नवभारत,रीठी।** जिले के रीठी मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पीने के पानी को लेकर संकट गहराता जा रहा है। पेयजल नहीं मिलने से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। धूप से बचने के लिए घर में रहें तो प्यासे रहना पड़ता है, और पानी भरने निकलें तो तेज धूप में झुलसना पड़ता है। यह स्थिति लोगों के लिए प्रतिदिन की चुनौती बन गई है। रीठी क्षेत्र में पेयजल संकट कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि यह बीते कई वर्षों से लगातार बनी हुई है। हर साल गर्मी के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। इन गांवों में सबसे ज्यादा परेशानी क्षेत्र के बड़गांव, गुरजी, रूड, रूड देवरी, देवगांव सहित दर्जनों गांवों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए स्थायी और प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, ताकि लोगों को हर साल इस परेशानी से न गुजरना पड़े। रीठी क्षेत्र में बढ़ता जल संकट अब एक बड़ी चिंता का विषय बन गया है। समय रहते उचित समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकराल हो सकती है। स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन को पेयजल संकट के समाधान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल शुरू करनी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को कम से कम पेयजल के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### एक नजर में



## जयश्री ने परीक्षा में हासिल किए 91 .4 प्रतिशत अंक

**नवभारत, उमरियापान।** सीएफआई मॉडल स्कूल उमरियापान की दसवीं की छात्रा कुमारी जयश्री नामदेव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। जयश्री की इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल और नगर में हर्ष का माहौल है। जयश्री के पिता श्री संतोष नामदेव और माता श्रीमती प्रतिभा नामदेव, निवासी कटरा बाजार उमरियापान ने बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि जयश्री शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रही है और उसकी मेहनत का ही परिणाम है कि उसने यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी जयश्री की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी है। शिक्षकों का कहना है कि जयश्री अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। नगरवासियों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस सफलता पर जयश्री और उसके परिवार को बधाई दी है।

# अक्षय तृतीया में बाल विवाह रोकने के लिए टीम गठित

**कलेक्टर ने गठित की टीम अलर्ट रहने के निर्देश**

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व और अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले में अनुविभागीय और तहसील स्तर पर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति कोर ग्रुप का गठन किया है। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कोर ग्रुप अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी की सदस्यता में गठित किया गया है। खण्ड स्तर पर विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं, कोर सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा बाल विवाह में अपनी सेवाएं नहीं न देने के लिए कहा गया है। समिति उन संवेदनशील क्षेत्रो का चिंहाकन करेगी जहां बाल विवाह के आयोजन की संभावना है। संवेदनशील क्षेत्रों की सूची समिति द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास और संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को अनिवार्य रूप से सौंपेगी। विवाह के रोकथाम के लिए जनजागरण कार्यक्रम चिन्हित गांव में विशेष रूप से आयोजित किए जाएंगे। इन ग्रामों में बाल विवाह नहीं होने रपाए इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। समिति ऐसे संवेदनशील ग्रामों में बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रचार-प्रसार और सूचना तंत्र के रूप में ग्राम स्तरीय समिति का गठन करेगी। जिसमे ग्राम सरपंच, पंच, बीडीएस, ग्राम शिक्षक, ग्राम कोटवार, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल करने के निर्देश ने दिए है।

# समय आने पर कांग्रेस और विपक्ष को करारा जवाब देगी देश की मातृशक्ति

**जिला भाजपा कार्यालय में सुना गया प्रधानमंत्री का संदेश**

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को बुधवार रात्रि कटनी जिला भाजपा कार्यालय में सांसद वीडी शर्मा की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि 'देश की मातृ शक्ति को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिलना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।'



उन्होंने महिला सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। संबोधन के बाद सांसद वीडी शर्मा ने प्रधानमंत्री के वक्तव्य का हवाला देते हुए कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को सुधार विरोधी पार्टी बताया है, जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आवश्यक नीतिगत फैसलों के मार्ग में बार-बार बाधा बनती रही है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जनधन योजना, आधार, डिजिटल भुगतान प्रणाली, महिला सशक्तिकरण के प्रयास, सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण, जैसे निर्णयों का उल्लेख किया। इन सभी मुद्दों पर कांग्रेस ने समर्थन देने के बजाय विरोध का रास्ता अपनाया।

उन्होंने आगे कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन, नागरिकता संशोधन कानून और समान नागरिक संहिता जैसे अहम विषयों पर भी कांग्रेस का रुख सकारात्मक नहीं रहा है। कांग्रेस की राजनीति का तरीका फैसलों पर भ्रम फैलाने पर आधारित है। सांसद वीडी शर्मा ने नारी शक्ति वंदन के अंतर्गत महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण बिल को पारित होने से रोकने का प्रयास किया गया, जो महिलाओं के अधिकारों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है।

# देवी भागवत महापुराण के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नेगई ग्राम में किया गया है धार्मिक आयोजन**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले सिलौड़ी के समीपस्थ नेगई ग्राम स्थित सिद्ध धाम में आयोजित श्रीमद्देवी भागवत महापुराण एवं भद्रकाली प्रत्यंगरा महायज्ञ के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी , वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कथा वाचक पंडित रूद्रांत शास्त्री ने व्यासपीठ से अपने ओजस्वी और मधुर प्रवचनों के माध्यम से देवी भागवत पुराण के आध्यात्मिक और व्यावहारिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने



कहा कि यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मां जगदंबा का साक्षात स्वरूप है । पंडित शास्त्री ने बताया कि देवी भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति के अंत:करण की शुद्धि होती है और नकारात्मक विचारों का नाश होता है । उन्होंने 'शक्ति' के महत्व को बताते हुए कहा कि बिना शक्ति के ज्ञान और कर्म दोनों अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवती की शरण ही मनुष्य के कल्याण का सबसे सरल और प्रभावी मार्ग है। जिस घर में देवी भागवत की कथा होती है और जहां माता की ज्योति जलती है, वहां साक्षात लक्ष्मी और सरस्वती का वास होता है।

कथा के साथ-साथ आयोजित भद्रकाली प्रत्यंगरा महायज्ञ में दी जा रही आहुतियों और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया । यज्ञशाला की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की।

कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। जय माता दी के जयकारों से सिद्ध धाम गुंजायमान रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। नेगई ग्राम का सिद्ध धाम इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और का केंद्र बना हुआ है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। नेगई गांव स्थित सिद्ध धाम में आयोजित श्रीमदेवी भागवत महापुरण और भद्रकाली प्रत्यंगरा महायज्ञ में क्षेत्र के श्रद्धालू काफी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं, पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया है, श्रद्धालू कथा वाचक पंडित रूद्रांत शास्त्री के ओजस्वी और मधुर प्रवचनों को सुनकर भाव-विभोर हो रहे हैं। पूरा कथा स्थल धार्मिक वातावरण में बदल गया है।

# बिल बकाया होने पर साडा गांव के दो ट्रांसफार्मर बंद

**दो लाख 18 हजार रूपए बकाया होने पर की गई कार्रवाई**

**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम साडा में बिजली विभाग ने बकाया बिल वसूली को लेकर सख्त कदम उठाए हैं। विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के तहत गांव के दोनों 25 केवीए ट्रांसफार्मर बंद कर दिए गए हैं, जिससे पूरे गांव में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग ने हाल ही में समाधान योजना के अंतर्गत ग्राम साडा में एक विशेष शिविर आयोजित किया था। इस शिविर का उद्देश्य



उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल जमा करने के लिए प्रेरित करना था। हालांकि शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई और बिल जमा करने में उदासीनता बनी रही। इसके बाद विभागीय टीम ने डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाकर उपभोक्ताओं को बकाया भुगतान के लिए जागरूक किया, लेकिन इसके बावजूद भी अधिकांश उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई। स्थिति को गंभीर देखते हुए बिजली विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए गांव के दोनों ट्रांसफार्मर बंद कर दिए। बताया जा रहा है कि इनमें से एक ट्रांसफार्मर (क्रमांक 40) पर ही लगभग 2 लाख 18 हजार रुपए का बकाया है। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि जैसे ही उपभोक्ता अपना बकाया बिल जमा करेंगे, गांव की विद्युत आपूर्ति दोबारा बहाल कर दी जाएगी।

विभाग द्वारा ग्रामीणों से जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करने के लिए कहा गया है ताकि बिजली आपूर्ति सामान्य हो सके।



# बैंकों के प्रवेश द्वार, एटीएम कक्ष, काउंटर में पुलिस ने की सुरक्षा व्यवस्था की जांच

**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले के बैंकों और एटीएम परिसरों में सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा बैंक परिसरों का निरीक्षण किया गया। इसमें मुख्य प्रवेश द्वार, एटीएम कक्ष, काउंटर क्षेत्र और पार्किंग स्थल का भौतिक सत्यापन शामिल रहा। साथ ही बैंक प्रबंधन को सुरक्षा से संबंधित निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैंक में उपस्थित ग्राहकों को भी सुरक्षित लेन-देन के लिए जागरूक किया गया। उन्हें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने कहा है।

# परीक्षा में चप्पल-सैंडल पहनकर जाएं, 90 निमट पहले पहुंचना अनिवार्य

**राज्य सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए गाइडलाइन जारी**

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत 'डू एंड डोंट्स' (क्या करें और क्या न करें) की सूची जारी की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में सिर्फ काले डॉट पेन का ही उपयोग किया जाएगा। अनुक्रमांक, प्रश्न-पत्र सेट और उत्तर के गोलों को काले पेन से सावधानीपूर्वक पूरा भरना अनिवार्य है। परीक्षा कक्ष में पेंसिल, रबर और व्हाइटनर का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रश्न-पत्र सेट का गोला नहीं भरा जाता या गलत भरा जाता है, तो ओएमआर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। ओएमआर शीट पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश-पत्र में फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं, वे प्रवेश-पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना फोटो चिपकाकर उसे केंद्राध्यक्ष से प्रमाणित करवाएं। अपने साथ फोटो की एक अतिरिक्त प्रति लाएं, जिसके पीछे नाम, रोल नंबर और आवेदन क्रमांक लिखा हो। आवेदन जमा करने की रसीद साथ रखें और मांगे जाने पर वीक्षक को दिखाएं। परीक्षा केंद्रों पर इस बार नवीन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। केंद्रों पर सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक, फ्रिस्किंग और वीओआईपी की व्यवस्था रहेगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 90 मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपनी निर्धारित सीट पर ही बैठें। परीक्षा समाप्ति के बाद ओएमआर शीट वीक्षक को सौंपकर उनकी अनुमति के बाद ही कक्ष छोड़ें। आयोग ने परीक्षा कक्ष में कई सामान्य वस्तुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। अभ्यर्थी सिर्फ चप्पल या सैंडल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढंककर प्रवेश नहीं मिलेगा। मोबाइल, पेजर, कैलकुलेटर या कोई भी संचार उपकरण प्रतिबंधित है। बेल्ट, पर्स, वॉलेट, धूप के चश्मे, टोपी, घड़ी, मैटेलिक या चमड़े के बैंड और बालों के क्लचर, बक्कल पूरी तरह वर्जित हैं। सिर, नाक, गला, हाथ-पैर और कमर में पहने जाने वाले आभूषणों के साथ-साथ हाथ में बंधे धागे, कलावा, रक्षा-सूत्र या ताबीज की सूक्ष्मता से तलाशी ली जाएगी। आयोग ने सलाह दी है कि इन्हें अत्यावश्यक होने पर ही पहनकर आएं। परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार नियमों का उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी की पात्रता निरस्त की जा सकती है।



# नरवाई प्रबंधन के लिए कलेक्टर ने किसानों से खेत पहुंचकर किया संवाद

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम टिकरवारा के किसानों से नरवाई प्रबंधन को लेकर सार्थक संवाद किया। उन्होंने किसानों को फसल अवशेषों को जलाने के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल तरीकों को अपनाने की सलाह दी। कलेक्टर ने बताया कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरता घटती है और पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। इसके स्थान पर हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग से अवशेषों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। इस दौरान किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

**समीक्षा** | कलेक्टर ने की राजस्व अधिकारियों के कार्यों की तहसीलवार समीक्षा, लापरवाही पर भू अभिलेख प्रभारी को नोटिस

# राजस्व अधिकारियों की भूमिका सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय भी हो

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा है कि राजस्व से जुड़े मामले सीधे आमजन के जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए राजस्व अधिकारियों की भूमिका सिर्फ प्रशासनिक न होकर संवेदनशील और मानवीय भी होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें, ताकि आम नागरिकों को समय पर न्यायपूर्ण समाधान मिल सके। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को यह नसीहत उनके कार्यों की समीक्षा के दौरान दी। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित



किया कि वे बैठक में पूरी तैयारी और पूरी जानकारी के साथ आना सुनिश्चित करें। साथ ही सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने अमृत सरोवरों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने और जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। यदि अधिकारी इन मूल्यों के साथ कार्य करेंगे, तो न सिर्फ आमजन का विश्वास मजबूत होगा, बल्कि शासन और जिला प्रशासन की भरोसेमंद छवि भी स्थापित होगी। कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन, बटवारा प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों में 2 से 5 वर्ष और 1 से 2 वर्ष से लंबित राजस्व मामलों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लघु सिंचाई संगणना का कार्य 30 अप्रैल तक पूरा करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के आवेदकों और हितग्राहियों के मामलों को निराकृत करने में गति लाने के निर्देश दिए और कहा कि राजस्व अधिकारियों से इन मामलों के शत-प्रतिशत निराकरण होने के आशय का प्रमाण-पत्र भी जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने साइबर तहसील में पटवारी आईडी में लंबित आवदेनों के निराकरण के मामलें में कार्रवाई नहीं किए जाने पर भू-अभिलेख की प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके अलावा राजस्व वसूली, फार्मर आईडी के कार्यों में भी तेजी लाने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण व निगरानी करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए जरूरी सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। खरीदी केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर इंटरनेट गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता होनी चाहिए। बैठक में राजस्व विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# आज आएंगे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल भैया आज कटनी आंएगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे। साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से उनके प्रवास पर जाकर मुलाकात भी करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने एक संयुक्त बयान में बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया सोमवार की दोपहर मैहर जिले से सड़क मार्ग द्वारा कटनी आंएगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल भैया दोपहर करीब डेढ़ बजे यहां पहुंचेंगे और आस्था प्लाजा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद पूर्व नेताप्रतिपक्ष अजय सिंह जिले के वरिष्ठ नेताओं के घर जाकर उनसे सौजन्य मुलाकात करेंगे। इसके शाम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह के निवास पर जिले भर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024